ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
(Uttar Pradesh State Government University)

सर्वोच्च प्राथमिकता / अत्यावश्यक

पत्रांक : 725/भा0वि0वि0 / प0नि0का0 / 2026 दिनांक : 16 मार्च, 2026

सेवा में,

समस्त संकायाध्यक्ष / निदेशक / विभागाध्यक्ष / विषय प्रभारी
ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय
लखनऊ।

विषय– सत्र 2025–26 सम सेमेस्टर शुल्क एवं परीक्षा फार्म निर्धारित तिथि तक भरवाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

विश्वविद्यालय की विज्ञप्ति संख्या–711 / भाविवि / प0नि0का0 / 2026 दिनांक 28.02.2026 के द्वारा छात्र–छात्राओं को सूचित किया गया था कि दिनांक 31.03.2026 तक ही बिना विलम्ब शुल्क के परीक्षा फॉर्म भरे जाने हेतु समर्थ पोर्टल खुला रहेगा।

इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि अभी तक मात्र 1269 छात्र–छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म भरा गया है। स्पष्ट है कि जिन छात्र–छात्राओं द्वारा सेमेस्टर शुल्क जमा कर दिया गया है उनमें से अधिकांश छात्र–छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म नहीं भरा गया है जो कि एक चिंता का विषय है।

इसी प्रकार अभी तक 1064 छात्र–छात्राओं द्वारा सेमेस्टर शुल्क जमा नहीं किया गया है जबकि अधिष्ठाता शैक्षणिक द्वारा जारी पत्र संख्या–007 / अधि0शै0 / भाविवि / 2026 दिनांक 27.02.2026 के द्वारा पंजीकरण एवं सेमेस्टर शुल्क जमा करने की समय सीमा रु0 500 / – विलम्ब शुल्क के साथ दिनांक 01.03.2026 से दिनांक 31.03.2026 तक निर्धारित की गयी है। यदि किसी छात्र–छात्रा द्वारा दिनांक 31.03.2026 तक भी सेमेस्टर शुल्क जमा नहीं किया जाता है तो निर्धारित विलम्ब शुल्क में बढ़ोत्तरी की जा सकती है और छात्र–छात्राओं को बढ़े हुए विलम्ब शुल्क के साथ सेमेस्टर शुल्क जमा करना होगा।

कृपया अनुरोध है कि अपने विभाग के छात्र–छात्राओं को सेमेस्टर शुल्क जमा करने एवं परीक्षा फार्म भरने हेतु प्रेरित एवं निर्देशित करने का कष्ट करें ताकि 05 मई, 2026 से सम सेमेस्टर मई–2026 की परीक्षाएं आयोजित करायी जा सकें। ध्यात्व्य रहे कि समय से परीक्षा कराना एवं परीक्षा परिणाम जारी करना विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है। परीक्षा एक समयबद्ध प्रक्रिया है जिसकी उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निरन्तर मॉनिटरिंग की जा रही है।

भवदीय

16.3.2026

(विकास)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही एवं सूचनार्थ प्रेषित।

1.निजी सचिव, कुलपति को माननीय कुलपति महोदय जी के अवलोकनार्थ।

2.अधिष्ठाता शैक्षणिक को सूचनार्थ।

परीक्षा नियंत्रक